कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022 **दिनांक 31/05/2025**

सेवा में,

पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर
अपर पुलिस महानिदेशक,
वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0 ।

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है ।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 30.05.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

1. कोतवाली जमानिया पुलिस द्वारा मर्डर कर क्षेत्र में सनसनी फैलाने वाला बदमाश की गिरफ्तारी के बाद आलाकत्ल की बरामदगी के दौरान पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार व जिसके कब्जे से एक आलाकत्ल, व एक अदद तमंचा 315 बोर, एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर व 1 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद ।

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 30.05.2025 की प्रातः में प्रभारी निरिक्षक जमानिया मय पुलिस टीम द्वारा कोतवाली जमानिया से संबंधित मु0अ0सं0 208/2025 धारा 103(1) बी0एन0एस0 अभियुक्त विवेक सिंह पुत्र अजीत सिंह निवासी ग्राम जलालपुर थाना कन्दवा जनपद चन्दौली से दिनांक 29.05.2025 को मुकदमा उपरोक्त में प्रयुक्त आला कत्ल की बरामदगी हेतु वहद ग्राम देवुड़ी अभियुक्त के निशानदेही पर बरामदगी हेतु लाया गया था । दौरान ए बरामदगी अभियुक्त द्वारा पहले से मौके पे रखे तमंचे द्वारा मौका देखकर हम पुलिस वालो पर फायरिंग की गई जिसके जवाब में पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ संतुलित जवाबी फायरिंग की गई तो जिसमें बदमाश के बाएं पैर मे गोली लगी है और वह घायल हो गया है । जिन्हे तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु नजदीकी सी0एच0सी0 जमानिया भेजा गया । पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि पूर्व में मृतक विनोद से मेरा विवाद था जिसे योजनाबद्ध तरीके से उसको मौत के घाट उतार दिया गया व जेल जाने के डर से मेरे द्वारा पुलिस पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया गया। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

घायल /गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

1 .विवेक सिंह पुत्र अजीत सिंह निवासी ग्राम जलालपुर थाना कन्दवा जनपद चन्दौली।

अभियुक्त विवेक सिंह का आपराधिक इतिहास -

1 .मु0अ0सं0 28/24धारा 120B,419,420, 406,5040भादवि व 3(1)(द) SC/ST ACT थाना कन्दवा जनपद चंदौली।

2 .मु0अ0सं0 208/2025 धारा 103(1) BNS कोतवाली जमानिया जनपद गाजीपुर।

3 .मु0अ0सं0

209/2025धारा109(1) BNS व 3/25 ARMS ACT कोतवाली जमानिया जनपद गाजीपुर।

बरामदगी -

1 .एक अदद तमंचा 315 बोर

2 .एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर

3 . 1अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

4 .आलाकत्ल (लोहे का नुकीला रॉड)

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर